संतोषी माता चालीसा

॥ दोहा ॥

बन्दौं सन्तोषी चरण रिद्धि-सिद्धि दातार ।
ध्यान धरत ही होत नर दुःख सागर से पार ॥

भक्तन को सन्तोष दे सन्तोषी तव नाम ।
कृपा करहु जगदम्ब अब आया तेरे धाम ॥

॥ चौपाई ॥

जय सन्तोषी मात अनूपम ।
शान्ति दायिनी रूप मनोरम ॥१॥

सुन्दर वरण चतुर्भुज रूपा ।
वेश मनोहर ललित अनुपा ॥२॥

श्वेताम्बर रूप मनहारी ।
माँ तुम्हारी छवि जग से न्यारी ॥३॥

दिव्य स्वरूपा आयत लोचन ।
दर्शन से हो संकट मोचन ॥४॥

जय गणेश की सुता भवानी ।
रिद्धि- सिद्धि की पुत्री ज्ञानी ॥५॥

अगम अगोचर तुम्हरी माया ।
सब पर करो कृपा की छाया ॥६॥

नाम अनेक तुम्हारे माता ।
अखिल विश्व है तुमको ध्याता ॥७॥

तुमने रूप अनेकों धारे ।
को कहि सके चरित्र तुम्हारे ॥८॥

धाम अनेक कहाँ तक कहिये ।
सुमिरन तब करके सुख लहिये ॥९॥

विन्ध्याचल में विन्ध्यवासिनी ।
कोटेश्वर सरस्वती सुहासिनी ॥१०॥

कलकत्ते में तू ही काली ।
दुष्ट नाशिनी महाकराली ॥११॥

सम्बल पुर बहुचरा कहाती ।
भक्तजनों का दुःख मिटाती ॥१२॥

ज्वाला जी में ज्वाला देवी ।
पूजत नित्य भक्त जन सेवी ॥१३॥

नगर बम्बई की महारानी ।
महा लक्ष्मी तुम कल्याणी ॥१४॥

मदुरा में मीनाक्षी तुम हो ।
सुख दुख सबकी साक्षी तुम हो ॥१५॥

राजनगर में तुम जगदम्बे ।
बनी भद्रकाली तुम अम्बे ॥१६॥

पावागढ़ में दुर्गा माता ।
अखिल विश्व तेरा यश गाता ॥१७॥

काशी पुराधीश्वरी माता ।
अन्नपूर्णा नाम सुहाता ॥१८॥

सर्वानन्द करो कल्याणी ।
तुम्हीं शारदा अमृत वाणी ॥१९॥

तुम्हरी महिमा जल में थल में ।
दुःख दारिद्र सब मेटो पल में ॥२०॥

जेते ऋषि और मुनीशा ।
नारद देव और देवेशा ॥२१॥

इस जगती के नर और नारी ।
ध्यान धरत हैं मात तुम्हारी ॥२२॥

जापर कृपा तुम्हारी होती ।
वह पाता भक्ति का मोती ॥२३॥

दुःख दारिद्र संकट मिट जाता ।
ध्यान तुम्हारा जो जन ध्याता ॥२४॥

जो जन तुम्हरी महिमा गावै ।
ध्यान तुम्हारा कर सुख पावै ॥२५॥

जो मन राखे शुद्ध भावना ।
ताकी पूरण करो कामना ॥२६॥

कुमति निवारि सुमति की दात्री ।
जयति जयति माता जगधात्री ॥२७॥

शुक्रवार का दिवस सुहावन ।
जो व्रत करे तुम्हारा पावन ॥२८॥

गुड़ छोले का भोग लगावै ।
कथा तुम्हारी सुने सुनावै ॥२९॥

विधिवत पूजा करे तुम्हारी ।
फिर प्रसाद पावे शुभकारी ॥३०॥

शक्ति-सामरथ हो जो धनको ।
दान-दक्षिणा दे विप्रन को ॥३१॥

वे जगती के नर औ नारी ।
मनवांछित फल पावें भारी ॥३२॥

जो जन शरण तुम्हारी जावे ।
सो निश्चय भव से तर जावे ॥३३॥

तुम्हरो ध्यान कुमारी ध्यावे ।
निश्चय मनवांछित वर पावै ॥३४॥

सधवा पूजा करे तुम्हारी ।
अमर सुहागिन हो वह नारी ॥३५॥

विधवा धर के ध्यान तुम्हारा ।
भवसागर से उतरे पारा ॥३६॥

जयति जयति जय संकट हरणी ।
विघ्न विनाशन मंगल करनी ॥३७॥

हम पर संकट है अति भारी ।
वेगि खबर लो मात हमारी ॥३८॥

निशिदिन ध्यान तुम्हारो ध्याता ।
देह भक्ति वर हम को माता ॥३९॥

यह चालीसा जो नित गावे ।
सो भवसागर से तर जावे ॥४०॥

॥ दोहा ॥

संतोषी माँ के सदा बंदहूँ पग निश वास ।
पूर्ण मनोरथ हो सकल मात हरौ भव त्रास ॥

paramsoul.com